मेरा देश भारत

मेरे प्रिय देश का नाम भारतवर्ष है | यह एक विशाल देश है | यह उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक फैला है | इसके पूर्व में बंगाल की खाड़ी और पशिचम में अरब सागर है |

मेरे देश के उत्तर में संसार का सबसे ऊंचा पर्वत हिमालय है | इसकी चोटियाँ सदा बर्फ से ढकी रहती हैं | इसके तीन ओर लहराता समुद्र है | इस देश में गंगा, यमुना, सतलुज, व्यास, चिनाब, झेलम, कृष्णा, कावेरी आदि नदियाँ बहती हैं | यहाँ पर सतुपुड़ा और विंध्याचल जैसे पर्वत हैं | मेरे देश की मिट्ठी बड़ी उपजाऊ है | इसमें प्रायः सभी प्रकार के अनाज तिलहन, दालें, सब्जी और फल उत्पन्न होते हैं |

मेरा देश भारत संसार का सबसे बड़ा गणराज्य है | इसमें २५ राज्य और ७ केन्द्रशासित क्षेत्र हैं | प्रत्येक राज्य की अपनी-अपनी सरकारों हैं | केंद्र में भी एक केन्द्रीय सरकार होती है | देश की राजधानी दिल्ली है | यहीं राष्ट्रपति भवन व संसद भवन हैं | संसद में बैठकर ही संसद सदस्य सारे देश के लिए कानून बनाते हैं |

मेरे देश भारत में अलग-अलग धर्मों व जातियों के लोग मिलजुलकर रहते हैं | यहां पर हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, आदि जातियों के तथा हिन्दू, इस्लाम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध आदि धर्मों के लोग रहते हैं | यहाँ के लोगों का रहन-सहन,

खान-पान तथा पहनावा भी अलग-अलग है | देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग भाषा बोली जाती है | फिर भी हम सब भारतीय हैं |

मेरा देश भारत जनसंख्या की दृष्टि से संसार का दूसरा बड़ा देश है | यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है | भारत ने विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में भी बड़ी उन्नति की है | अनेक वस्तुएं विदेशों को निर्यात की जाती हैं |

भारत में छह ऋतुएँ होती हैं | यहाँ पर होली, दीपावली, दशहरा, ईद, क्रिसमस आदि त्यौहार मनाए जाते हैं | मेरा देश भारत बड़ा प्यारा, सुन्दर और महान देश है |

1- Metindeki cümlelerin yapısı incelenerek, çevirisi yapılacaktır.